भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1147 का उत्तर

इंटरसिटी/वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी

1147. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बेलगावी-बंगलौर-बेलगावी से वंदे भारत सेमी हाई स्पीड रेलगाड़ी, जो अब हुबली से बंगलौर के लिए शुरू हो गई है, को शुरू करने के लिए किन्हीं उपायों पर विचार किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बेलगावी से पुणे और वापस बेलगावी आने के लिए इंटरसिटी/वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी शुरू करने की कोई योजना है, जो निवासियों की काफी समय से लंबित मांग रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा कया है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): इस समय, 15 जोड़ी रेलगाड़ियां बेलगावी-बेंगलुरु खंड के यात्रियों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं जबकि 16 जोड़ी रेलगाड़ियां बेलगावी-पुणे खंड पर सेवाएं दे रही हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेलों पर वंदे भारत रेलगाड़ियों सहित अन्य गाड़ियों को शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****